समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# ICC रैकिंग : स्मृति मंधाना ने टी20 मे हांसिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैकिंग, बनीं नंबर-3 बल्लेबाज़ ।

Publisher
Published on 01 Jul 2025



## भारत-इंग्लैडं टी20 सीरीज के पहले मैच मे तूफानी शतक के बाद स्मृति मंधाना रैकिंग मे पंहुचीं टॉप-3 मे ।

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम** की स्टार बल्लेबाज और **टी20 कप्तान स्मृति मंधाना** ने ICC की ताजा **टी20 रैकिंग मे करियर की सर्वश्रेष्ठ रैकिंग** हासिल कर ली है। भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही **टी20 सीरीज** के पहले मैच में धमाकेदार **112 रनों की पारी** खेलने के बाद **मंधाना ने नंबर-3 स्थान** हासिल किया है।

**रैकिंग मे हुंए बड़े बदलाव**

१. **स्मृति मंधाना के अब 771 रेटिंग पॉइंट्स है और वे ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी (794) और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (780) से पीछे है ।**
२. **स्मृति मंधाना फिलहाल भारत की एकमात्र बल्लेबाज है जो ICC टी20 बल्लेबाजी रैकिंग के टॉप-10 मे मौजूद है ।**
३. **शेफाली वर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है, और वे 13वे स्थान पर पहुंच गई है ।**
४. **हरमनप्रीत कौर 12वे स्थान पर कायम है ।**

पहले मैच में **23 गेदों मे 43 रनों** की तूफ़ानी पारी खेलने वाली **हरलीन देओल** को भी लाभ हुआ है और वे अब **86वे स्थान** पर हैं।

**गेदंबाजी रैकिंग मे गिरावट**

१. **दीप्ति शर्मा एक पायदान गिरकर अब तीसरे स्थान पर आ गई है ।**

२. **रेणुका सिंह ठाकुर को भी नुकसान हुआ है और वे अब छठे स्थान पर है ।**
३. **महिला गेदंबाजों की टॉप-10 सूची मे भारत की ओर से सिर्फ यही दो नाम है ।**

टीम रैंकिंग में भारत का स्थान

१. **टीम रैकिंग मे भारतीय महिला टी20 टीम तीसरे स्थान पर है ।**
२. **ऑस्ट्रेलिया की टीम नंबर-1 बनी हुई है, जबकि इंग्लैडं की महिला टीम दूसरे स्थान पर बनी हुई है ।**

**स्मृति का नया मुकाम**

**स्मृति मंधाना** की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत का नतीजा है, बल्कि यह **भारतीय महिला क्रिकेट के बढ़ते आत्मविश्वास** और **ग्लोबल प्रदर्शन** का भी प्रतीक है। उनकी इस सफलता से आने वाले मैचों में टीम इंडिया को भी काफी मनोबल मिलेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.